हिंदी विवि के स्टाफ क्लब ने किया प्रो. जोशी और वित्ताधिकारी सिंह का स्वागत

वर्धा दि. 4 जुलाई 2011: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में नवनियुक्त वित्ताधिकारी अजीत सिंह तथा जानेमाने पत्रकार तथा साहित्यकार प्रो. रामशरण जोशी का विवि फैकल्टी एण्ड आफिसर्स स्टाफ क्लब के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, कुलसचिव डॉ. के. जी. खामरे, वित्ताधिकारी अजीत सिंह, आंतरिक संपरीक्षा अधिकारी सिध्दार्थ शंकर त्रिपाठी तथा प्रो. रामशरण जोशी मंचासीन थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलसचिव डॉ. के. जी. खामरे ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रो. रामशरण जोशी तथा वित्ताधिकारी सिंह का स्वागत किया। इस दौरान विवि में आंतरिक संपरीक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत सिध्दार्थ शंकर त्रिपाठी को विदाई दी गयी। उन्हें कुलसचिव की ओर से चरखा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. अरविंदाक्षन ने विवि के अकादमिक कार्य को उंचाई तक ले जाने के लिए शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मियों को समर्पित होकर कार्य करने का आहवान किया। वित्ताधिकारी सिंह ने विवि के आर्थिक क्रियाकलापों में सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। विवि में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त सुविख्यात साहित्यकार प्रो. रामशरण जोशी ने कहा कि विवि की अवधारणा को पूरा करने के लिए रचनात्मक कार्य पर अमल करने की आवश्यकता है जिससे हम ज्ञान के संभावित आयामों को पूरा सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन दूरशिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर तथा क्लब के सचिव अमरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

बी एस मिरगे
(जनसंपर्क अधिकारी)